भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 730

दिनांक 02.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

पश्चिम बंगाल के गांवों में पेयजल की आपूर्ति

730 श्री सौमित्र खान:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार पश्चिम बंगाल के गांवों में नल से पेयजल की आपूर्ति करने का है;
(ख) यदि हां, तो वर्तमान में पश्चिम बंगाल में ऐसे गांवों की संख्या और प्रतिशत क्या है जहां नल से पेयजल की आपूर्ति हो रही है; और
(ग) विगत एक वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में पेयजल की सुविधा प्रदान किए गए गांवों का विवरण क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): अगस्त 2019 से भारत सरकार वर्ष 2024 तक पश्चिम बंगाल सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पीने योग्य नल जल आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल कार्यान्वित कर रही है। दी गई सूचना के अनुसार, 29.11.2021 तक, पश्चिम बंगाल में लगभग 27.46 लाख (15.5%) ग्रामीण परिवारों को नल जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा चुकी है।

(ग): दी गई सूचना के अनुसार, जल जीवन मिशन के शुभारम्भ से, बांकुरा जिले में, राज्य सरकार ने वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 (29.11.2021 तक) क्रमश: 76,642 और 78,579 ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान कर दिए हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल के जिलों सहित ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की जिले/ग्राम-वार स्थिति पब्लिक डॉमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx.

****